लारा. प्र० क्र 2778 [26/7/2019] परिशिष्ट 'अ'

प्रश्न सं. [क्र. 2778]

पुस्तकालय - 'अ'

कार्यालय नगर परिषद भुआ बिछिया, जिला मण्डला (मध्यप्रदेश)

परिषद की साधारण बैठक दिनांक 22/11/2017, समय-02 बजे से आयोजित की गई, जिसमें निम्नानुसार निर्णय लिये गये :-

1. श्री फग्गन सिंह कुलस्ते जी, सांसद महोदय
2. श्री पंडित सिंह धुर्वे जी, विधायक महोदय
3. श्री बिजेन्द्र सिंह कोकड़िया, अध्यक्ष
4. श्री अजय पुरी गोस्वाजी जी, उपाध्यक्ष
5. श्री विवेक कुमार पाण्डे, पार्षद
6. श्री प्रदीप झारिया, पार्षद
7. श्री संतोष कुमार विश्वकर्मा, पार्षद
8. श्री छोटेलाल कुलस्ते, पार्षद
9. श्री नरेन्द्र धुर्वे, पार्षद
10. श्रीमति ज्योति नानकानी
11. श्रीमति शशि चौरसिया, पार्षद
12. श्रीमति प्रेमवती कुम्हरे, पार्षद
13. श्रीमति रामकुमारी परते, पार्षद
14. श्रीमति मनीषा राय, पार्षद
15. श्रीमति माधुरी दुबे, पार्षद
16. श्रीमति ज्योति कुलस्ते, पार्षद

प्रकरण क्रमांक – 01

एन.एच. 30 के दोनों ओर दिलीप बिल्डकॉन एवं म.प्र. सड़क विकास प्राधिकरण के द्वारा पाईप लाईन विस्तारीकरण बिना लेवल लिये K-9 की जगह K-7 पाईप बिछाई या डाली जा रही है। जिसकी शिकायत कलेक्टर महोदय जी को की गई है, जो जांच हेतु विचाराधीन है, के संबंध में विचार।

पारित प्रस्ताव :- प्रस्ताव के संबंध में विस्तृत चर्चा उपरांत एवं सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि बिछिया शहर में सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत, निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप 6888 मीटर पाईप लाईन विस्तार का कार्य संबंधित कार्य एजेन्सी (दिलीप बिल्डकॉन) से अतिशीघ्र पूर्ण कराया जाकर जलप्रदाय नियमित किया जावे।

उपरोक्त पारित प्रस्ताव उपस्थित सदस्य को पढ़कर सुनाया गया तदोपरांत प्रस्ताव पंजी हस्ताक्षरित

सही हस्ताक्षर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद भुआ बिछिया जिला -- मण्डला	सही हस्ताक्षर अध्यक्ष नगर परिषद भुआ बिछिया जिला – मण्डला

सत्यप्रतिलिपी

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद भुआ बिछिया
जिला – मण्डला

Assistant Engineer
Urban Administration & Development
M.P. Bhopal

अनुभाग अधिकारी
मध्य प्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग

तारां.प्र.क्र. 2778
परिशिष्ट 'ब'

(112)

प्रपत्र - 2

कार्यालय नगर परिषद भुआ बिछिया, जिला-मण्डला, म.प्र.

क्रमांक /612 /न.परि./2017 भुआ बिछिया, दिनांक 23/11/2017

प्रति,

संभागीय प्रबंधक
मध्य प्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण
जबलपुर

विषय-- बिछिया शहरी क्षेत्र में पाईप लाईन विस्तार के संबंध मे।

---00---

विषयांतर्गत दिनांक 22.11.2017 को माननीय श्री फग्गन सिह कुलस्ते जी सांसद महो. एवं माननीय श्री पंडित सिह धुर्वे जी विधायक महो. के उपस्थिति मे परिषद की बैठक आयोजित की गयी जिसमे सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि शीघ्र--अतिशीघ्र स्वीकृत निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप (6888मीटर) पाइप लाईन लेवल लेकर सुव्यवस्थित प्राक्कलन के अनुसार के. 09 डी.आई.पाईप लाईन विस्तार उपरांत लाइन चालू कराकर निकाय को हेण्ड ओव्हर किया जावे, जिससे जल प्रदाय नियमित किया जा सके। तत्संबंध मे परिषद की बैठक के दौरान माननीय महोदय जी एवं आपसे दूरभाष मे चर्चा भी हुई है।

दिलीप बिल्डकान (अधिकृत ठेकेदार) के द्वारा निकाय क्षेत्र में कितना पाइप लाईन का विस्तार किया गया है स्पष्ट जानकारी नही है, सामान्य रूप से निकाय को प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान समय मे लगभग 4200 मीटर लाईन विस्तारित है, यह आवश्यक होगा कि एजेंसी एवं निकाय के संयुक्त टीम गठित कर पाईप लाइन का नाप कराकर क्षतिग्रस्त एवं शेष पाइप लाईन विस्तार का कार्य कराया जावे।

कृपया कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 15 दिवस के अंदर कार्य पूर्ण कराकर शहर में जल प्रदाय नियमित कराने में सहयोग प्रदान करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद भुआ बिछिया

पृ. क्रमांक /612 C/न.परि./2017 भुआ बिछिया, दिनांक 23/11/2017

प्रतिलिपि--

1. माननीय श्री फग्गन सिह कुलस्ते जी, सांसद संसदीय क्षेत्र मण्डला की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. माननीय श्री पंडित सिह धुर्वे जी, विधायक विधानसभा क्षेत्र बिछिया की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. माननीय अध्यक्ष महो./उपाध्यक्ष महो./पार्षद महो.न0परि0 बिछिया की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. कलेक्टर महोदय, मण्डला की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय (राजस्व) बिछिया की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
6. थाना प्रभारी पुलिस थाना बिछिया की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
7. प्रोजेक्ट मैनेजर दिलीप बिल्डकान कैम्प बिछिया की ओर सूचनार्थ एवं पाइप लाईन विस्तार का कार्य लेवल लेकर सुव्यवस्थित प्राक्कलन के अनुसार कार्य पूर्ण उपरांत पाईप लाईन निकाय को हेण्ड ओव्हर करे।
8. रेसीडेन्ट इंजीनियर थीम इंजीनियरिंग सर्विसेज बिछिया की ओर पाईप लाईन विस्तार कार्य पूर्ण कराने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।
9. श्रीमति शिल्पा मेश्राम उपयंत्री, श्री प्रवीण राजपूत पंप अटेण्डेंट, श्री अशोक यादव स.रा.नि., नगर परिषद भुआ बिछिया संबंधित कार्य एजेंसी के द्वारा कार्य/नाप किये जाने पर स्वयं की उपस्थिति मे कार्य करावे एवं प्रतिदिन प्रगति पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करे।
10. जल प्रदाय प्रभारी नगर परिषद भुआ बिछिया संबंधित कार्य एजेंसी के द्वारा पाईप लाईन विस्तार कार्य पूर्ण/चालू कराकर क्रमशः लाईनो में नियमित जल प्रदाय प्रारंभ करे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद भुआ बिछिया

23/11/17

अनुभाग अधिकारी
मध्य प्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग

Assistant Engineer
Urban Administration & Development
M.P. Bhopal